वर्ष - 1 | अंक - 3 | जनवरी 2021


E-News Letter

# रतलाम नगर पालिका निगम



## निगम भवन पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया किया ध्वजारोहण

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर निगम भवन पर प्रातः 7.30 पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे निगम अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम भवन पर ध्वजारोहण किया रतलाम ध्वजारोहण पश्चात निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को 72 वें गणतंत्र दिवस की शुभाकामना देकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर 1 बनाने हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया।




इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, श्री निशिकान्त शुक्ला, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास, श्री जी. के. जायसवाल, श्री एम.के. जैन, प्रभारी सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, निगम सचिव श्री जसवंत जोशी, लेखाधिकारी श्री विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्रशर्मा, लेखापाल श्री जगदीश पांचाल, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर श्री कपील मारोठिया, श्री नितिन तिवारी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



E-News Letter
# रतलाम
## नगर पालिका निगम

## पी.एम. स्वनिधी योजना में 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान लाभार्थियों से किया संवाद






पी.एम. स्वनिधी योजना में 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान **ne** लाभार्थियों से किये जाने वाले संवाद व उद्बोधन का सीधा प्रसारण सीधा प्रसारण दोपहर 2 बजे से बरबड़ स्थित विधायक सभाग्रह में एलईडी वॉल स्क्रीन के माध्यम से किया गया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान लाभार्थियों से किये जाने वाले संवाद व उद्बोधन का सीधा प्रसारण विधायक सभाग्रह में आज 06 जनवरी बुधवार को दोपहर 2 बजे किया जायेगा जिसमें जनप्रतिनिधि, नागरिक व हितग्राही उपस्थित रहेंगे। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पथ विक्रेताओं से अपील की वह विधायक सभाग्रह में किये जाने वाले सीधे प्रसारण में मास्क लगाकर व शारीरिक दूरी बनाकर माननीय मुख्यमंत्री जी श्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स से किये जाने वाले संवाद को देख व सुन सकते है।






आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम, रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर श्री शैलेन्द्र डागा, भाजपा जिला महामंत्री श्री मनोहर पोरवाल, श्री प्रदीप उपाध्याय, के अलावा श्री प्रवीण सोनी श्री मयूर पुरोहित, श्री कर्णधीर बड़गोत्या, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी सहित जिला शासन, निगम प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

# कबाड़ से बनाया जुगाड़, नगर निगम की क्रैन तैयार



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये निर्देशानुसार निगम के अनुपयोगी सामग्री से निगम कर्मचारियों द्वारा बनाई गई क्रैन का अवलोकन निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा अवलोकन किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निगम कार्यालय परिसर के निरीक्षण के दौरान देखा कि कई अनुपयोगी सामग्री रखी हुई है उन्होने निगम कर्मचारियों को निर्देशित किया की वे अनुपयोगी सामग्री से यातायात क्रैन का निर्माण करें। निगम कर्मचारियों द्वारा दिये गये निर्देश के तहत तेजी से काम करते हुए अनुपयोगी सामग्री से क्रेन बनाई जिसका अवलोकन निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा किया गया अब नगर निगम को किराये पर क्रैन नही लेना होगी।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान के अलावा श्री विजय सिंह, श्री पिन्टु सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

# अनुग्रह सहायता राशि का वितरण मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने किया
## नगर निगम ने एलईडी के माध्यम से किया सीधा प्रसारण




माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा 19 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे संबल योजना के अन्तर्गत अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम सिंगल क्लिक के माध्यम से डीबीटी द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम सभागृह में एलईडी के माध्यम से किया गया। नगर निगम द्वारा हितग्राहियों से अपील की वह नगर निगम सभागृह में किये जाने वाले सीधे प्रसारण में मास्क लगाकर व शारीरिक दूरी बनाकर माननीय मुख्यमंत्री जी श्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा ''आपका संबल–आपकी सरकार'' के तहत वितरित की जा रही अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को देखे व सुने।

मा मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सीधे प्रसारण को एलईडी के माध्यम से देखा व सुना रतलाम 18 जनवरी। माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा 19 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे संबल योजना के अन्तर्गत अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को हितग्राही व निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नगर निगम सभागृह में एलईडी वॉल स्क्रीन के माध्यम से देखा



आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, लेखापाल श्री जगदीश पांचाल के अलावा सर्वश्री श्याम सुन्दर सोनी, दिनेश राठौड़, अंजनीप्रसाद मिश्रा, प्रदीप उपाध्याय सहित हितग्राही उपस्थित थे।

## खाद निर्माण हेतु उद्यानों में निर्मित की जा रही है कम्पोस्ट पिट





नगर निगम स्वामित्व के उद्यानों से निकलने वाले कचरे का उचित रीति से प्रसंस्करण कराने हेतु कचरे से खाद बनाने के लिये कम्पोस्ट पिट बनाने का कार्य निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार उद्यान विभाग के अमले द्वारा किया जा रहा है ताकि कचरा उत्सर्जन स्थल पर ही निपटान के साथ ही उद्यानों के लिये खाद उपलब्ध होकर उद्यान हरे–भरे रहे। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की पूर्व तैयारियों के तहत नगर निगम के ऐसे उद्यान जिनमें कम्पोस्ट पिट नहीं बने है उनमें पिट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कालिका माता उद्यान, रोटरी गार्डन, अमृत सागर उद्यान, काटजू नगर उद्यान में कम्पोस्ट पिट का निर्माण कराया जा चुका है तथा गुलाब चक्कर, शास्त्रीनगर बाल उद्यान, गांधी उद्यान, जैन कालोनी, शास्त्रीनगर, मानस भव, शांति निकेतन, टीचर कालोनी, कल्याण नगर, कस्तुरबा नगर, कोमल नगर, अलकापुरी गणेश चौक व रत्नपुरी उद्यान में कम्पोस्ट पिट बनाने का कार्य किया जा रहा है।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम

# सर्व सुविधायुक्त जलकर काउन्टर प्रारंभ



रतलाम 01 जनवरी। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने रिनोवेटेड जलकर काउंटर भवन का निरीक्षण कर वहां सभी सुविधाऐं पूर्ण पाये जाने पर नये साल 01 जनवरी 2021 पर काउन्टर प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित कों दिये। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने प्रातः रिनोवेटेड जलकर काउन्टर का निरीक्षण निगम अधिकारियों के साथ कर वहां पर कर्मचारियों के बैठने हेतु फर्नीचर व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाऐं पूर्ण पाये जाने पर काउन्टर प्रारंभ करने के निर्देश दिये साथ ही फायर ब्रिगेड में संचालित अस्थाई काउन्टर बंद करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, उपयंत्री श्री बी.एल. चौधरी, श्री विकास मरकाम, श्री मनीष तिवारी, श्री सिद्धार्थ सोनी, श्रीमती अनिता ठाकुर आदि उपस्थित थे। नगर निगम जलकर काउन्टर जिसका रिनोवेशन का कार्य करवाया जाकर सुसज्जित व आधुनिक सुविधाओं से लैस काउन्टर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नये साल से प्रारंभ कर दिया गया है।



इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने जलकर काउन्टर के पास निर्मित किये जाने वाले संपत्तिकर काउन्टर भवन स्थल का निरीक्षण कर पुराने ले आउट के स्थान पर बड़ी साईल के संशोधित ले आउट का अवलोकन कर कार्य तेजी व गुणवत्ता पूर्वक किये जाने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर वर्कशॉप का निरीक्षण कर निगम के वाहनों की मरम्मत का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिये उन्होने कहा कि निगम के सभी वाहन चालू स्थिति में रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि पूर्व में जलकर काउन्टर काफी अस्त–व्यस्त होकर खस्ता हाल में था साथ ही रेकार्ड भी खराब हो रहा था उक्त सभी कारणों से कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब जलकर काउन्टर का रेनोवेशन का कार्य पूर्ण करवाया जा चुका है साथ ही रेकार्ड व्यवस्थित रखने हेतु काउन्टर की के उपर हॉल का निर्माण करवाया गया है। इसके अलावा कम्प्यूटर व कर्मचारियों की बैठक व्यवस्था हेतु फर्नीचर व पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिका निगम

# नववर्ष पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया ,




नया साल प्रतिवर्ष हम सभी के लिए नई उमंगे, नया उत्साह और नया तराना लेकर आता है। नये वर्ष के साथ एक नया वादा अपने आपसे करना चाहिए। हमें अपने शिक्षक– शिक्षिकाओं, छोटे बड़े भाई–बहन व अपने अभिभावकों, मित्रों व पड़ोसियों सभी को नये वर्ष पर संकल्प दिलाने की जरूरत है। इससे आने वाले नये साल में हम बीते वर्ष की गलतियों से सबक लेकर नये वर्ष में उन्हें न दोहराएं। नये वर्ष में हम सब लोग स्वच्छता का संकल्प लें। खुले में शौच के लिए न जाएं और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जाए, ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम का नाम देश में अव्वल हो सके। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ–सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ–साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए ! नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह संकल्प शनिवार को दिलीपनगर के रहवासियों ने लिया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। । इस दौरान कोविड–19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है. ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

**एक प्रसिद्द जापानी कहावत है सुंदरता प्रेम उत्पन्न करती है और, स्वच्छता सुंदरता को स्थायित्व प्रदान करती है ।**

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिका निगम

# स्वच्छ सर्वेक्षण में महिलाओं की भागीदारी जरुरी है



**स्वच्छ सर्वेक्षण में महिलाओं की भागीदारी जरुरी है** शहरों और गांवों में लोगों को स्वच्छता को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करना होगा। निश्चित ही यह चुनौतीपूर्ण है, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामूहिक प्रतिबद्धता, एवं दृढ़निश्चय होने पर यह संभव भी है। इस पहल में महिलाओं को शामिल भी करना होगा और उन्हें अग्रिम भूमिका भी निभानी होगी। आखिर यह उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सबसे बढकर सम्मान का मामला है। और इसमें कोई समझौता नहीं होना चाहिए। समुदायों को जागरूक करने और स्वच्छता को व्यापक बनाने की मुहिम में महिलाओं के स्व–सहायता समूहों को भी जोड़ा जा सकता है। स्वच्छता के क्षेत्र में भी पहल कर वे बड़ा बदलाव ला सकते हैं और महिलाओं की गरिमा को पुनर्स्थापित करने में मददगार साबित हो सकते हैं। उक्त विचार शनिवार को स्थानीय डालूमोदी बाजार में सर्व ब्राह्मण समाज की प्रांतिय उपाध्यक्ष श्रीमती डॉ.संध्या उपाध्याय ने व्यक्त किए।

## भगवान के प्रेम के बाद महत्व की दृष्टि से दूसरा स्थान स्वच्छता के प्रेम का ही है।’



जिस प्रकार हम अपने घर की सफाई का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान हमें रखना होगा। अगर कोई व्यक्ति इधर–उधर कचरा डालता है, उसे ऐसा करने से रोकें क्योंकि स्वच्छता के इस मिशन में सामाजिक भागीदारी एवं दबाव का होना आवश्यक है।





# नगर निगम द्वारा साईकिल दौड़ का आयोजन





नगर निगम द्वारा साईकिल दौड़ का आयोजन । इस दौड़ में शहर के कोने–कोने से साईकिल सवार शामिल होकर नगरवासियों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आव्हान करेगे। यह साईकिल यात्रा रविवार सुबह 8.30 बजे दो बत्ती से शुरु होकर छत्रीपुल, नगर निगम तिराहा, कालेज रोड़, नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी, बजाजखाना, तोपखाना, नीमचौक, लौहार रोड़, आबकारी चौराहा, शहीद चौक, लोकेन्द्र टाँकीज, न्यूरोड़ से होते हुए पुनः दो बत्ती पहुचेगी। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने व नागरिकों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए आयोजित इस साईकिल यात्रा में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में हिस्सा लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम शहर को देश में नम्बर–1 बनाने के प्रयासों में भागीदारी निभाए।




स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत स्वच्छता हेतु विभिन्न स्तरों पर किये जाने वाले सर्वेक्षण के तहत रतलाम नगर ने ओडीएफ का दर्जा प्राप्त करने पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक दुसरे को बधाई प्रेषित की। रतलाम नगर को ओडीएफ ++ का दर्जा मिलने की सूचना निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया को मिलने पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों एक दुसरे को बधाई प्रेषित की व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण- 2021 के तहत शहर की नारी शक्ति ने मैराथन दौड़ में हिस्सा लेकर

### शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया




शहर का कोना–कोना साफ सुधरा और गंदगी से मुक्त रहेगा तो यहां का हर नागरिक स्वस्थ्य रहेगा। हम अपने घर, समाज और शहर के गणमान्य नागरिकों से अनुरोध करेगे कि वे खुद न गंदगी करे और ना ही दूसरों को गंदगी करने दे। स्वच्छ सर्वेक्षण –2021 में हम रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर–1 बनाकर रहेगे। शहर के कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में यह संकल्प पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही बेटियों और महिला खिलाडियों ने बुधवार सुबह लिया है। पुलिस चयन परीक्षा की तैयारियों में जुटी बेटियों ने आज कालेज ग्राउण्ड से शुरु हुई मैराथन दौड़ मे हिस्सा लिया। इस दौरान धाविकाओं ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों से गुजरते हुए नागरिकों को स्वच्छता के साथ ही महिला सम्मान का संदेश दिया है। दौड़ का समापन कालेज ग्राउण्ड पर हुआ।



# आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने

## प्रस्तुत पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये स्वच्छता जरुरी






स्वच्छता भक्ति से भी बढकर है। कहावत का अर्थ है कि स्वच्छता भक्ति या देवत्व के मार्ग की ओर ले जाती है।उक्त विचार स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर के सागौद रोड़ स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के दौरान सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने प्रस्तुत पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये स्वच्छता जरुरी है स्वच्छता अभियान समिति ने निःशुल्क एंटी कोरोना नस्य आयुर्वेदिक औषधि कार्यक्रम में लिया शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प किए। पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये स्वच्छता जरुरी है स्वच्छता अभियान समिति ने निःशुल्क एंटी कोरोना



नस्य आयुर्वेदिक औषधि कार्यक्रम में लिया शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प शहर के कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में यह संकल्प पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही बेटियों और महिला खिलाडियों ने बुधवार सुबह लिया है। पुलिस चयन परीक्षा की तैयारियों में जुटी बेटियों ने आज कालेज ग्राउण्ड से शुरु हुई मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। इस दौरान धाविकाओं ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों से गुजरते हुए नागरिकों को स्वच्छता के साथ ही महिला सम्मान का संदेश दिया है। दौड़ का समापन कालेज ग्राउण्ड पर हुआ। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की मुहिम

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम

# आनन्द कालोनी में सड़क डामरीकरण की हुई शुरूआत



आनन्द कालोनी सड़क के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ **डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी** मण्डल अध्यक्श श्री आदित्य डागा ने पूर्व पार्शद श्रीमती शुशीला परमार व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा– अर्चना कर किया। इस अवसर पर पूर्व पार्शद श्रीमती सुषीला परमार ने बताया कि आनन्द कालोनी सड़क के डामरीकरण का कार्य 6 लाख की लागत से किया जा रहा है कार्य पुरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। डामरीकरण कार्य प्रारंभ करवाये जाने पर श्रीमती परमार व क्षेत्रिय नागरिकों ने विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी कश्यप का आभार माना।

इस अवसर पर सर्वश्री भूपेन्द्र कावड़िया, मुबारिक खान, नितेश सोनी, विपिन श्रीमाल, राधेष्या ममारू, नीरज परमार, संजय पवांर, मोहम्मद जावेद, षाहिद मीर, डह० प्रताप, सुहास चितले, पठानजी, सुनील राव, बलवीर राठौर आदि उपस्थित थे।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम

# निगम कर्मचारियों को ड्रेस (यूनिफार्म) का वितरण





कलेक्टर एवं प्रशासक श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार निगम कर्मचारियों को ड्रेस (यूनिफार्म) वितरण की गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि शासन द्वारा नगर निगम के समस्त कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड में अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है जिसके तहत निगम के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी व सफाई संरक्षकों को ड्रेस का वितरण निगम द्वारा किया जा रहा है। निगम सभागृह में झोन क्रमांक 1 व 2 के सफाई संरक्षकों को स्वेटर का वितरण किया गया साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग के 20 फायर बिग्रेड विभाग के 21 कर्मचारियों को ड्रेस का वितरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, सहायक वर्ग 3 श्री राजेन्द्रसिंह गेहलोत, श्री हरेश जोशी, फायर मेन श्री देवेन्द्र पुरोहित सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिका निगम


# नालो की सफाई का कार्य निरंतर जारी





कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा 01 जनवरी शुक्रवार को हरमाला रोड ताज स्टोन वाला नाला, लक्कड़पीठा नाला व शैरानीपुरा नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाया गया।

# नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये








सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिका निगम

# मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत कलेक्टर, एसपी व निगम आयुक्त ने निरीक्षण किया

रतलाम 15 जनवरी । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आगामी दिनों प्रस्तावित रतलाम भ्रमण के दृष्टिगत कलेक्टर श्री गोपाल चंद्र डाड तथा पुलिस अध्यक्ष श्री गौरव तिवारी, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, जिला एवं पुलिस प्रषासन के अधिकारियों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री डाड ने डोसी गांव पहुंच कर पीएम आवास निरीक्षण किए गए अन्य तैयारियों को देखा इसके अलावा पलसोड़ा भी पहुंचे रतलाम में डॉ अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड एवं कालिका माता परिसर भी पहुंचे इस दौरान उनके द्वारा सभा स्थल एवं भ्रमण मार्ग का जायजा लिया गया अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा भी तय की गई।

उक्त अवसरो पर अतिरिक्त पुलिस अध्यक्ष क श्री इन्द्रजीत बाकलवार, श्री सुनील पाटीदार, एस.डी.एम. श्री अभिशे गेहलोत, आर.आई., कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश चन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, श्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सर्वश्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांगजन युडीआईडी प्रमाण पत्र हेतु दस्तावेज जमा करावें

समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन यु.डी.आई.डी. प्रमाण–पत्र बनवाने हेतु नगर निगम विकास शाखा स्थित पेंशन शाखा में आवश्यक दस्तावेज पासपोर्ट साईज फोटो, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., नि:शक्त प्रमाण–पत्र, मोबाईल नम्बर तत्काल कार्यालयीन समय में जमा करावें ।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम

# निगम द्वारा युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं लीकेज दुरस्त

## ''रतलाम जलशक्ति अभियान''




शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया जिसके तहत 01 जनवरी तक 108 वॉल्व व 495 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है।''रतलाम जलशक्ति अभियान'' व्हाट्स एप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड किया जा रहा है तथा अपलोड़ की गई लीकेज संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है जिसके तहत 01 जनवरी शुक्रवार को राम मंदिर के बाहर, रेल नगर, गणेश नगर व काटजू नगर सरस्वती शिशु मंदिर के पास पाईप लाईन लीकेज दुरस्ती का कार्य करवाया गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री श्री सुहास पंडित, श्री भैयालाल चौधरी के अलावा श्री नीरज यादव, श्री मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

| | |
|---|---|
| 01 जनवरी तक 108 वॉल्व व 495 पाईप लाईन | 02 जनवरी तक 110 वॉल्व व 506 पाईप लाईन |
| 04 जनवरी सोमवार डायमण्ड स्कूल वाली लाईन | 05 जनवरी तक 111 वॉल्व व 516 पाईप लाईन |
| 06 जनवरी तक 111 वॉल्व व 516 पाईप लाईन | 07 जनवरी तक 111 वॉल्व व 516 पाईप लाईन |
| 08 जनवरी तक 118 वॉल्व व 544 पाईप लाईन | 09 जनवरी तक 118 वॉल्व व 550 पाईप लाईन |
| 11 जनवरी तक 119 वॉल्व व 556 पाईप लाईन | 12 जनवरी तक 121 वॉल्व व 566 पाईप लाईन |
| 13 जनवरी तक 124 वॉल्व व 570 पाईप लाईन | 14 जनवरी तक 125 वॉल्व व 578 पाईप लाईन |
| 15 जनवरी तक 125 वॉल्व व 588 पाईप लाईन | 16 जनवरी तक 125 वॉल्व व 594 पाईप लाईन |

| | |
|---|---|
| 18 जनवरी तक 126 वॉल्व व 599 पाईप लाईन | 19 जनवरी तक 126 वॉल्व व 606 पाईप लाईन |
| 20 जनवरी तक 126 वॉल्व व 619 पाईप लाईन | 21 जनवरी तक 127 वॉल्व व 627 पाईप लाईन |
| 22 जनवरी तक 127 वॉल्व व 633 पाईप लाईन | 23 जनवरी तक 127 वॉल्व व 638 पाईप लाईन |
| 27 जनवरी तक 129 वॉल्व व 649 पाईप लाईन | 28 जनवरी तक 133 वॉल्व व 661 पाईप लाईन |
| 29 जनवरी तक 136 वॉल्व व 672 पाईप लाईन | 30 जनवरी तक 136 वॉल्व व 679 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका |

## सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें




रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी ओर उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिका निगम

# समझाइश गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण शौच के लिये शौचालय के उपयोग



रतलाम निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक–पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है। नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक–पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक–पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालने की समझाईश दी।

## सामुदायिक संगठिकाओं को सेवा अनुबंध समाप्ति हेतु सूचना पत्र जारी



रतलाम 21 जनवरी । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) शाखा की सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, श्रीमती रेखा राठौर, श्रीमती हेमा सिलावट, सुश्री निर्मला राय द्वारा पी.एम. स्वनिधी प्रकरणों के लक्ष्य की पूर्ति नहीं किये जाने पर सेवा अनुबंध समाप्ति हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा 20 जनवरी को आयुक्त कक्श में आयोजित टी.एल. की बैठक में उपस्थित नहीं होने पर एक दिवस का वेतन काटने निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा संबंधित को दिये।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम



# अवैध कालोनी निर्माण कार्य रूकवाया

रतलाम 23 जनवरी । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा होमगार्ड कालोनी रोड स्थित नवकार रेसीडेंसी के निरीक्शण के दौरान कालोनी की बाउण्ड्रीवॉल के समीप अवैध कालोनी का कार्य प्रगति पर पाये जाने पर पंचनामा बनाया जाकर संबंधित कालोनाईजर को कार्य बंद कर भूमि का समलीकरण करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा नवकार रेसीडेंसी के निरीक्श ण के दौरान पाया कि कालोनी की पष्चिमी बाउण्ड्रीवॉल के समीप मोहम्मद अजहर पिता असलम खान द्वारा सर्वे क्रमांक 283/2 पर अवैध कालोनी निर्माण का कार्य प्रगति पर होकर 10 से 12 मकानों के कॉलम फाण्डेश न लेवल तक डाले गये है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने सीएसपी श्री हेमन्त चौहान, स्टेश न रोड थाना प्रभारी श्री किषोर पाटनवाला की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर संबंधित को कार्य बंद कर भूमि का समतलीकरण करने के निर्देश दिये। संबंधित को पूर्व में नगर निगम द्वारा अवैध कालोनी निर्माण के विरूद्ध सूचना पत्र भी दिया गया था किन्तु संबंधित द्वारा कार्य बंद नहीं किया गया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश चन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री राजेन्द्र मिश्रा, श्री मनीश तिवारी, श्रीमती अनिता ठाकुर, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े सहित पुलिस बल व निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

# शुभम इण्डस्ट्रीज के विरूद्ध एफआईआर दर्ज




रतलाम 23 जनवरी । शुभम् इण्डस्ट्रीज तीतरी जिला रतलाम द्वारा सैलाना बस स्टैण्ड से बरबड़ तक, कस्तुरबा गर मुख्य मार्ग, दो बत्ती से स्टेश न रोड तक, महू नीमच रोड, मित्र निवास रोड , फव्वारा चौक से कोर्ट तिराहे आदि स्थानों के विद्युत पोल पर अवैध रूप से होर्डिंग लगाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार थाना स्टेश न रोड पर एफआईआर दर्ज कराई गई। षुभम् इण्डस्ट्रीज तीतरी जिला रतलाम द्वारा उक्त स्थलों के विद्युत पोलो पर 2 बाय 2 के विज्ञापन होर्डिंग अवैध रूप से लगाये जाने पर संपत्ति विरूपण अधिनियम का उल्लघंन करने पर फआईआर दर्ज कराई गई।

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

### निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली टी.एल. बैठक

## नशा मुक्ति हेतु दिलाई ऑनलाइन शपथ



नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि सी एम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों का निराकरण करावें जिसके तहत 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों, एल–1 व एल–2 की शिकायतों का निराकरण शीघ्र कराया जावे साथ ही ग्रेडिंग की शिकायतों का भी शीघ्र निराकरण कराये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। इसके अलावा टी.एल. में दर्ज शिकायतों विभिन्न आयोग, पी.एम., सी.एम. कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करवाये जाने के निर्देश के साथ ही निगम आयुक्त श्री झारिया ने दीनदयाल रसोई योजना प्रारंभ किये जाने की प्रगति की जानकारी बैठक में ली। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में सांसद एवं विधायक निधी के कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाये साथ ही अवैध नल कनेक्शनों को वैध कराये जाने की कार्यवाही प्रारंभ करने व संपत्तिकर नामांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा नालो की पुलिया के दोनो ओर जाली लगाये जाने के निर्देश बैठक में संबंधितों को दिये। आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती नीता जैन, प्र0 कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी0के0 जायसवाल, निगम सचिव श्री जसवन्त जोशी, प्रभारी कर्मशाला व प्रकाश विभाग श्री एम0के0 जैन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, प्रभारी उद्यान विभाग श्री अरविन्द दशोत्तर, लेखाधिकारी श्री विजय बालोद्रा, उपयंत्री श्री सुहास पंडित, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री हरीश मिश्रा, श्री सुनील कपूर, सिटी मैनेजर श्री कपिल मारोठिया, श्री नितिन तिवारी, उद्यान पर्यवेक्षक श्री धर्मेन्द्र दोगाया आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर नशा मुक्ति हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने नशा मुक्ति हेतु उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति हेतु ऑन लाईन शपथ दिलाई।

## स्ट्रीट वेन्डरों ने डिजिटल ट्रांजेक्शन का प्रशिक्षण प्राप्त किया




पी.एम. स्वनिधी के तहत स्ट्रीट वेन्डरों को ''मैं भी डिजिटल हूँ '' अभियान के तहत डिजिटल ट्रांजेक्श न का प्रतिक्षण बैंक मैनेजरो द्वारा दिया गया। मैं भी डिजिटल हूँ अभियान के तहत पी.एम. स्वनिधी योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त करने वाले 107 स्ट्रीट वेन्डरों को बैंक मैनेजरो द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्श न का प्रतिक्षण देते हुए बताया इससे आप रूपयो का लेन– देन कर सकते हैं इसमें समय भी कम लगने के साथ सुविधाजनक होता है। इस अवसर पर बैंक मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री अमित गुप्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र, श्री श्रवण कुमार मीणा पंजाब एण्ड सिंध बैंक, सिटी मैनेजर श्री नितिन तिवारी श्री कपील मारोठिया आदि उपस्थित थे।

## निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निगम के उद्यान का अवलोकन

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने प्रातः नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित उद्यान को जैविक खाद से ओर अधिक हरा–भरा बनाये जाने हेतु उद्यान का अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश संबंधित को दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने अवलोकन के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह व उद्यान पर्यवेक्षक श्री धर्मेन्द्र दोगाया को निर्देशित किया कि उद्यान से निकलने वाले कचरे से जैविक खाद बनाये जाने हेतु उद्यान में एक ओर कम्पोस्ट पिट तैयार की जाये ताकि बारी–बारी से कचरे से खाद बनाई जाकर तैयार खाद को उद्यान में डालकर ओर अधिक हरा–भरा बनाया जा सकें।

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

## रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त श्री झारिया ने लिया जायजा

रतलाम 16 जनवरी । स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर–घर से गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से लिये जा रहे फीडबेक के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने गत रात्री माणक चौक क्षेत्र में की जा रही सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। माणक चौक क्षेत्र में की जा रही रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षक के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से 4 कचरा पात्र रखें व पृथक–पृथक कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागो में डालें। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों के अन्दर ही व्यापार करना सुनिश्चित करें दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण ना करें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे सफाई उपरान्त कचरे को एकत्रित कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। इस अवसर पर गंदगी करने वाले दुकानदारों पर स्पॉट फाईन किये जाने के निर्देश भी संबंधित को दिये। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने सब्जी मण्डी, दौलतगंज, नागरवास आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री सत्यप्रकाश आचार्य, ब्रजेश कुशवाह, विकास मरकाम, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निगम के उद्यान का अवलोकन



रतलाम 20 जनवरी । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने प्रातः नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित उद्यान को जैविक खाद से ओर अधिक हरा–भरा बनाये जाने हेतु उद्यान का अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश संबंधित को दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने अवलोकन के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह व उद्यान पर्यवेक्षक श्री धर्मेन्द्र दोगाया को निर्देशित किया कि उद्यान से निकलने वाले कचरे से जैविक खाद बनाये जाने हेतु उद्यान में एक ओर कम्पोस्ट पिट तैयार की जाये ताकि बारी–बारी से कचरे से खाद बनाई जाकर तैयार खाद को उद्यान में डालकर ओर अधिक हरा–भरा बनाया जा सकें।

## मुखर्जी नगर में एमआईजी फ्लेट व दुकानों का आरक्षण पूर्ण

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में निर्मित 96 एमआईजी फ्लेट व 12 दुकानों का फ्री होल्ड विक्रय किये जाने हेतु आरक्षण गठित समिति द्वारा नगर निगम सभागृह में लाटरी निकालकर किया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में 96 एमआईजी फ्लेट व 12 दुकानों का फ्री होल्ड विक्रय हेतु आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण की गई इसके पश्चात निविदा आमंत्रित की जावेगी। आरक्षण प्रक्रिया उपायुक्त एवं गठित समिति नोडल अधिकारी श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री एम.के. जैन, लेखाधिकारी श्री विजय बालोद्रा, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार के अलावा श्री राजेन्द्रसिंह गेहलोत, श्री सतीश यादव आदि के द्वारा की गई।

E-News Letter
# रतलाम
नगर पालिका निगम

# गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है

## निगरानी गंदगी व मलबा फैलाने पर व्यक्तियों पर जुर्माना



नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है







ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चांदनी चौक, लक्कड़पीठा क्षेत्र में गंदगी व मलबा फैलाने पर विष्णु, दाउद भाई, नोबेल प्लायवुड व हर्षित पिरोदिया पर 500 . 500 स्टैण्डर्ड हार्डवेयर, विरेन्द्र, नरेश, शब्बीर हुसैन, अक्षय राठौर, अंकित, पंकज भाटी, हासन, राठौर रेस्टोरेंट व सुमीत पर 250–250 व राज स्टोर व पिरोदिया किराना पर 100 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम

# अनुपस्थित 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर होंगे सेवा से बर्खास्त,

## स्पॉट फाईन दल के अनुपस्थित कर्मचारी भी होगें बर्खास्त

नगर निगम कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हैल्पर जो कि बिना सूचना के अपने कर्मव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है जिससे घर–घर से कचरा संग्रहण का कार्य प्रभावित होता है ऐसे कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही किये जाने के निगम आयुक्त श्री झारिया ने दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने प्रातः निगम के कर्मशाला विभाग का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवरों एवं हैल्परों की उपस्थिति पंजी को जांचा जांच उपरान्त 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित स्वच्छता कार्य के तहत सेवा से बर्खास्त किया। कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर राहूल तोमर, संजय अनोखीलाल व पवन मोतीलाल, हैल्पर बलराम–सुन्दरलाल, दीपक–लच्छुलाल, विशाल–मुकेश, मुकेश–गोवर्धन, गोपाल–दिलीप व जितेन्द्र– बेजुलाल को सेवा से बर्खास्त किया।

इसी प्रकार नगर में ऐसे नागरिक व दुकानदार जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है ऐसे व्यक्तियों लगाम लगाने हेतु गठित किये गये स्पॉट फाईन के कर्मचारी मनोज–सूरजमल टांक, पवन झांझोट, आकाश–अनील शिन्दे, मनोज–गोपीनाथ झांझोट, गनीष आदिवाल व प्रमोद चोरेल को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया। इसके अलावा नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि वे अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाकर नगर के न्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर पर जाकर कचरा पृथक्कीकरण, कचरा निगम के संग्रहण वाहन में डालने व स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित करे।

इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि सिटीजन फीडबैक का कार्य तेजी से कर अधिक से अधिक नागरिकों से फीड बैक लेवें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम की अनुपयोगी सामग्री से यातायात क्रेन वाहन व डम्पर बनाये जाने हेतु जो भी सामग्री की आवश्यकता है उसे क्रय करने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, श्री एम.के. जैन, श्री अरविन्द दशोत्तर, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री बी.एल. चौधरी, श्री विकास मरकाम, श्री मनीष तिवारी, उद्यान पर्यवेक्षक श्री धर्मेन्द्र दोगाया आदि उपस्थित थे।

# 2 सीएमएम व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन रोका

रतलाम 06 जनवरी । पी.एम. स्वनिधी योजना का लक्ष्य पुरा नहीं किये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने 2 सिटी मैनेजर व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन लक्ष्य पुरा करने तक वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। पी.एम. स्वनिधी योजना में रतलाम शहर के 5000 स्ट्रीट वेंडरों द्वारा पंजीयन कराया गया था जिसमें से अभी तक 2650 हितग्राहियों को ही ऋण का वितरण हुआ है शेष हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने तक सिटी मैनेजर श्री कपिल मारोठिया, श्री नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोहितया, श्रीमती रेखा राठौर, हेमा सिलावट, डॉ0 निर्मला राय का वेतन रोका गया। ऐसे स्ट्रीट वेंडर जिन्होने पी.एम. स्वनिधी योजना में अपना पंजीयन करवा लिया तथा ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया वे शीघ्र ही आवेदन प्रस्तुत करें तथा विस्तृत जानकारी हेतु पांजरा पोल स्थित नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) कार्यालय में संपर्क करें।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिका निगम

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा




रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 01 जनवरी तक 510 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 01 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 510 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 01 जनवरी को बाजना बस स्टैण्ड व दीनदयाल नगर से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।




शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/– वसूल करेगा स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए0पी0 सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 512 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 02 जनवरी को चांदनी चौक व तोपखाना से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

# मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा





E-News Letter
# रतलाम
## नगर पालिका निगम

### स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर 1 बनाने हेतु नागरिकों एवं दुकानदरों को रखना होंगे 4 डस्टबीन

नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।




गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल-सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन




सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन




मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिंरिज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन



घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन रखकर अपने घरों एवं दुकानों तथा प्रतिष्ठानों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।



नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000—5000 हजार का जुर्माना करेगी।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिका निगम

# नगर निगम द्वारा वार्ड वार बकाया वसूली शिविरों का आयोजन




रतलाम 18 जनवरी । नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस षुल्क एवं विकास षाखा से संबंधित भवन की किष्त तथा भू–भाटक की बकाया राषि जमा करा सकेगें।

## वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरों के अंतर्गत

वार्ड क्रमांक 1,2 व 3 के लिये 18 से 19 जनवरी तक गांधीनगर उद्यान के पास

वार्ड क्रमांक 1,2 व 3 के लिये 20 से 21 जनवरी तक मालवा नगर लक्ष्मणपुरा

वार्ड क्रमांक 4,5 व 13 के लिये 22 से 23 जनवरी तक अम्बे माता मंदिर जवाहर नगर

वार्ड क्रमांक 4 व 5 के लिये 25 व 27 जनवरी को विनोबा नगर पानी की टंकी के पास

वार्ड क्रमांक 6 व 7 के लिये 28 जनवरी को अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल

वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिये 29 जनवरी को तिरूपति नगर

वार्ड क्रमांक 8 के लिये 30 जनवरी को कोमल नगर

वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिये 01 फरवरी को मार्निग स्टार स्कूल

वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिये 2 से 3 फरवरी तक कस्तुरबा नगर सारस्वतजी के मकान

वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिये 4 फरवरी को प्रियदर्षनी नगर,

वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिये 5 से 6 फरवरी तक को डोंगरे नगर

वार्ड क्रमांक 46, 47 व 48 के लिये 8 फरवरी को हाट रोड माताजी का मंदिर,

वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिये 09 फरवरी को कलीमी कालोनी,

वार्ड क्रमांक 18 के लिये 3 से 10 फरवरी को राजेन्द्र नगर

वार्ड क्रमांक 14, 15 व 48 के लिये 11 से 12 फरवरी तक डॉ0 मेहरा नर्सिंग होम काटजू नगर

वार्ड क्रमांक 48 के लिये 15 फरवरी को वेदव्यास कालोनी

वार्ड क्रमांक 22 के लिये 16 फरवरी को कल्याण नगर,

वार्ड क्रमांक 44 व 23 के लिये 19 व 22 फरवरी को बोहरा बाखल,

वार्ड क्रमांक 21 व 45 के लिये 24 से 25 फरवरी तक लक्कड़पीठा प्याऊ के पास,

वार्ड क्रमांक 48 व 49 के लिये 26 फरवरी व 1 मार्च को आर्य समाज मंदिर धानमण्डी

वार्ड क्रमांक 40 व 41 के लिये 2 मार्च को जूनी कोर्ट किरण टॉकिज

वार्ड क्रमांक 28, 29, 36, 37 व 38 के लिये 3 से 4 मार्च को लॉ कॉलेज आनंद कालोनी

वार्ड क्रमांक 28 के लिये 5 मार्च को प्रताप नगर उद्यान के पास

वार्ड क्रमांक 13 के लिये 6 मार्च को महावीर नगर,

वार्ड क्रमांक 6 व 7 के लिये 28 जनवरी को अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल

वार्ड क्रमांक 39, 40 व 41 के लिये 8 से 9 मार्च तक पैलेस रोड तिराहा

वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 के लिये 10 मार्च को चौगानिया भेरू

वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 के लिये 12 व 15 मार्च को षिक्षा विभाग सायर चबुतरा,

वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 16 व 17 मार्च तक चौमुखीपुल प्याऊ के पास,

वार्ड क्रमांक 41 के लिये 18 से 19 मार्च तक बजाजखाना गणेश देवरी

वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 20 व 22 मार्च को षास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास

वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहा,

वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिये 27 मार्च को टाटा नगर

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

# रांगोली के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश















